NT>

Title: Need to link Narmada Kshiptra Kalisindh-Chambal rivers with a view to solve water problem in Malwanchal, Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश का मालवांचल पिछले अनेक वार्ों से अवार्ा और कम वार्ा के कारण सूखे की चपेट में है। उज्जैन-इन्दौर सम्भाग में वाटर लेवल अत्याधिक नीचे चला गया है जिसके कारण लोगों और पशुओं के लिये पीने का पानी भी मिलना मुश्किल हो रहा है। सम्पूर्ण मालवांचल रेगिस्तान बन रहा है। मालवांचल की नदियां जैसे चम्बल, क्षिप्रा, कालीसिंध, मलेनी आदि सूख गई हैं। इस समस्या के निदान हेतु वार्ा 1991-92 में नर्मदा-क्षिप्रा-कालीसिंध और चम्बल नदियों को जोड़ने हेतु एक योजना तैयार करने के लिये राज्य की सरकार द्वारा सर्वे कराया गया था। इस नर्मदा-क्षिप्रा-कालीसिंध-चम्बल नदी जोड़ो योजना को कार्यान्वित करने की महत्ती आवश्यकता है। नर्मदा बारह महीने बहने वाली नदी है। नर्मदा नदी में बाढ़ भी अधिक आती है इसलिये इसका पानी अन्य नदियों में मिलाना जनहित में होगा।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि मालवांचल और राजस्थान के हाड़ोती क्षेत्र को हरा भरा करने और पानी उपलब्ध कराने हेतु नर्मदा-क्षिप्रा-कालीसिंध-चम्बल नदी जोड़ो योजना को स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।

___